हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 30 अप्रैल 2024

04 मालवीय हाउस शिवाय में चल रहे अखंड संकीर्तन ...

07 युवाओं को धार्मिक स्थलों से जुड़ाव रखना ...

जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर में बढ़ी मरीजों की संख्या

फिजियोथैरेपी से निशुल्क स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों को मिल रही है राहत

एक ओर जहां मरीजों के शरीर में दर्द अथवा अन्य छोटी बीमारियों में एलोपैथिक उपचार का लाभ नहीं मिल पाता है। वहीं आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक से होने वाले लंबे उपचार के बाद स्वास्थ्य लाभ का इंतजार करना पड़ता है। इस पीड़ा को फिजियोथैरेपी के माध्यम से दूर किया जा सकता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

वर्तमान में किसी भी आयु वर्ग के लोगों के बदन में दर्द की शिकायत आम हो गई है। मरीजों को इस पीड़ा से मुक्ति दिलाने के लिए परिजनों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। अधिकांश लोग एलोपैथिक, होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक दबाव का इस्तेमाल कर तत्काल लाभ लेने का इंतजार करना पड़ता है। जिला चिकित्सालय में स्थापित ट्रामा सेंटर में मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। विदित हो कि फिजियोथैरेपी यूनिट में असंचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम एवं वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम मरीजों को लाभ मिल रहा है। तमाम बीमारियों के मरीजों को यहां पर फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा फिजियोथेरेपी की जा रही है। जिसमें प्रमुख रूप से शरीर के कंधे सहित अन्य जोड़ो, हड्डियों के दर्द, मसल्स में होने वाली परेशानियों, लकवा के दौरान अंग के शिथिल होने सहित विभिन्न प्रकार की सर्जरी के पश्चात आवश्यक फिजियोथैरेपी की निःशुल्क सुविधा जिला अस्पताल में उपलब्ध होने से मरीजों को महंगे प्राइवेट उपचार से राहत मिल रही है। डाक्टरों का कहना है कि वर्तमान आपाधापी के युग में हर किसी को हड्डियों तथा मसल्स के साथ शरीर में होने वाली विभिन्न परेशानियां उत्पन्न हो रही है। जिससे लोगों की तकलीफ बढ़ती जाती है। ऐसी स्थिति में फिजियोथेरेपी कारगर सिद्ध हो रही है।

अस्पताल में फिजियोथेरिपी के विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद

शासन द्वारा फिजियोथैरेपी यूनिट में अनेक तरह की मशीनें, आईएफटी मसल्स स्टिम्युलेटर, ट्रेक्शन मशीन, एसडब्ल्यूडी, अल्ट्रासाउंड थेरेपी, स्टैटिक बाइसिकल कॉर्डीसेफ़ चेयर जैसी आधुनिक मशीनें स्थापित की गई हैं जिससे फिजियोथैरेपी यूनिट सफलतापूर्वक मरीजों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। सेंटर में डॉक्टर महेंद्र सिंह व डॉ अपेक्षा कानूनगो फिजियोथैरेपिस्ट के रूप में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। आने वाले समय में और स्टाफ बढने की संभावनाएं हैं। फिजियोथैरेपी यूनिट के फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर सिंह व डॉ कानूनगो ने बताया कि यूनिट में जोड़ों का दर्द, गठिया वात, नसों का दबना, लकबे से पीडित मरीज के साथ ही बच्चों में जन्मजात विकृति, रीढ़ की हड्डी में दर्द, गले में अकड़न, साइटिका, किसी ऑपरेशन के पश्चात अंग में कड़ापन जैसी दिक्कतों के कारण बढ़ने वाली परेशानियों में आवश्यक फिजियोथेरेपी सेवाएं मरीजों को प्रदान की जाती हैं।

बढ़ती जा रही है फिजियोथेरेपी कराने वालों की संख्या

शुरू में 8 से 10 मरीज आते थे जो अब बढ़कर दो दर्जन से अधिक हो गए हैं। पिछले कुछ ही महिनों में हजारों मरीज इस फिजियोथेरेपी माध्यम से स्वास्थ्य लाभ ले चुके हैं। एसके मालवीय रसूलिया निवासी ने बताया कि उनके हाथ की हथेली में तेज दर्द हो रहा था उससे परेशानी हो रही थी फिजियोथैरेपी यूनिट में एक पखवाडे तक निःशुल्क सेशन लिया और वर्तमान में स्वास्थ्य लाभ मिल चुका हैं। इसी प्रकार कोठीबाजार के एके शर्मा के पैर में तकलीफ थी उन्होंने कुछ दिन फिजियोथेरेपी की मदद ली तथा यहां डाक्टरों द्वारा बताए गए अभ्यास से परेशनी दूर हो गई। हाउसिंग बोर्ड के बीआर शर्मा ने तबताया कि उनका बायां हाथ नहीं उठता था, कंधे से लेकर हथेली तक दर्द होता था। पिछले माह से फिजियोथैरेपी यूनिट में इलाज लेने से काफी सुधार होने लगा है। ऐसे ही अनेक महिला और पुरूषों को फिजियोथैरेपी यूनिट में इलाज लेने से फायदा हुआ है।

मरीजों को मिल रहा निशुल्क लाभ

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश देहलवार ने बताया कि शासन द्वारा फिजियोथैरेपी यूनिट के संचालन के लिए आधुनिक मशीनों एवं कुशल चिकित्सकीय स्टाफ से इसका लाभ आम जनता को मिल रहा है जो की पूरी तरह से निःशुल्क है। जिसका लाभ मरीजों को शासन द्वारा प्रदान किया जा रहा है। प्रतिदिन मरीज ट्रामा सेंटर पहुंचकर फिजियोथैरेपी कराकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। सीएमएचओ डॉ देहलवार ने बताया कि विशेषज्ञों द्वारा किए जा रहे उपचार से किसी भी प्रकार साइडइफेक्ट नहीं होता है।

एक जून तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल पर रहेगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 1 जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च को इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के किसी भी प्रकार के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार से एक प्रत्याशी की जीत का समर्थन नहीं किया जा सकेगा।

विवाहिता से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शादी का झांसा देकर एक शादीशुदा महिला से लगातार तीन साल तक बलात्कार करने वाले आरोपी को सोमवार को तृतीय अपर जिला न्यायाधीश सुशीला वर्मा ने धारा 376 (2) (एन) में दोषी पाते हुए 10 वर्ष की सजा और 1 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है। अति जिला लोक अभियोजक इटारसी भूरे सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपी पंकज राउत ने तलाकशुदा महिला निवासी न्यू यार्ड इटारसी के साथ शादी का झांसा देकर वर्ष 2014 से 2017 तक कई बार बलात्कार किया और बाद में शादी से मुकर गया। पीड़ित महिला 2 बच्चे की माँ है। इस दौरान आरोपी को जब मौका मिलता तो आरोपी उसके साथ कई बार उसकी इच्छा के विरुद्ध भी बलात्कार करता रहा। आरोपी मंडीदीप में कार्य करता था और पीड़िता के घर के पास ही रहता था।

पीड़िता ने मंडीदीप थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। जो कि जीरो पर कायम होकर थाना इटारसी में असल अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी सोमवार को न्यायालय में पूर्व से जमानत पर था। जिसे जिला जेल नर्मदापुरम भेजने के आदेश दिए गए। अभियोजन ने इस प्रकरण में 14 गवाह और 18 दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रकरण को सिद्ध किया। संपूर्ण प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त जिला लोकअभियोजक भूरेसिंह भदौरिया द्वारा की गई।

भगवान परशुराम जयंती के आयोजन के लिए बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

विप्र समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी की जयंती का आयोजन 10 मई को किया जा रहा है। आयोजन समिति के उदित द्विवेदी ने बताया कि विप्र समाज द्वारा भगवान परशुराम जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर भगवान परशुराम जी का पाठ पूजन एवं शोभायात्रा सदस्यों द्वारा आयोजित की जाती है। इस आयोजन के लिए मंगलवार को स्थानीय गीता मैरेज पैलेस में शाम 5 बजे से बैठक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने समस्त विप्र समाज के सदस्यों से धार्मिक आयोजन में शामिल होने की बात कही है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम तथा जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिविसेप्रा शशि सिंह के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नर्मदापुरम में पैरालीगल वॉलंटियर्स का एकदिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम एडीआर भवन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शशि सिंह एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शांडिल्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में विधिक सहायता प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शशि सिंह द्वारा पैरालीगल वॉलंटियर्स को हिट एण्ड रन, मोटर व्हीकल एक्ट, निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता एवं सलाह, जनउपयोगी सेवाओं की लोक अदालत, पैरालीगल वॉलंटियर्स के कर्तव्य, मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015, नालसा पोर्टल, जेल में बंदियों के अधिकार, अनुच्छेद 39ए आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

जिला विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शांडिल्य द्वारा पैरालीगल वॉलंटियर्स को संज्ञेय अपराध, असंज्ञेय अपराध, जमानती, गैर- जमानती अपराध, कच्ची एफआईआर, पक्की एफआईआर, अपराधों के प्रकार, अदम चेक, पॉक्सो एक्ट 2012, आईपीसी, सीआरपीसी के महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही कार्यक्रम के अंत में 40 घंटे मीडिएशन प्रशिक्षण प्राप्त अधिवक्ताओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

एसटीआर प्रबंधन की पहल

वेरियर की सुविधा से सुरक्षित होंगे वन्य जीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए नए बैरियर लगाए गए है। पिछले 3 महीने में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा 20 से अधिक बैरियर लगाए हैं। ताकि आम जनता को पता चले कि वे एसटीआर क्षेत्र सीमा से बाहर हैं। प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार एसटीआर के मढ़ई, चूरना, बोरी के बफर एवं कोर क्षेत्र में इस सरल संकेत और इन बैरियर का प्रभाव एसटीआर क्षेत्र में पड़ा है। बैरियर लगने से स्थानीय लोगों द्वारा मवेशियों की चराई और अनधिकृत प्रवेश में उल्लेखनीय गिरावट आई है। मानवीय गतिविधियों से होने वाली अशांति में भी कमी आई है। वन्यजीवों के लिए अब विचरण करने के लिए अधिक क्षेत्र है। जिसमें वन्य जीव सुरक्षित होंगे।

राहुल बने राष्ट्रीय विप्र एकता मंच के जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय विप्र एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिथलेश चतुर्वेदी एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रवेश मिश्रा की अनुमति से एवं प्रदेश महासचिव अरुण दीक्षित की सहमति से पंडित राहुल शर्मा को नर्मदा पुरम का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य अशोक दीबोलिया, रोहितेश तिवारी, आशीष तिवारी, मोहित दुबे, हेमंत शर्मा, प्रियंका दुबे, सुमित दुबे, यश शर्मा, निमिष शर्मा, अमन दुबे, अभिषेक तिवारी, देवेंद्र दुबे, मोनू दुबे, शालिनी दीक्षित, पूजा दुबे, प्रियंका दीक्षित, प्रियंका दुबे सहित विप्र जनों ने राहुल को बधाई देते हुए राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

साइकिल यात्रा से महिला सशक्तीकरण का संदेश

नर्मदापुरम की बेटी शारदा की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के सोहगपुर की बेटी शारदा ठाकुर पिछले 200 दिनों से साइकिल से माँ नर्मदा की परिक्रमा बेटी बचाओ और महिला सशक्तीकरण के लिए कर रही है। सोमवार शाम बेटी शारदा नर्मदापुरम पहुंची। नर्मदापुरम के शिवाजी चौक पर युवाओं ने उनका पुष्पवर्षा कर स्वागत किया इसके बाद सेठानी घाट तक कई समाजसेवी व व्यापारियों ने स्वागत किया। बेटी शारदा की इस यात्रा का स्वागत करने वाले मनीष परदेशी ने बताया कि बेटी शारदा ठाकुर को सेठानी घाट पर माँ नर्मदा का पूजन कराया गया। नर्मदा यात्रा पर निकली शारदा ठाकुर ने बताया कि वह राष्ट्रीय स्तर की फ्री स्टाइल बक्सर है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ट्रेनिंग भी देती है। वह अब तक 500 से अधिक लड़कियों को सेल्फ डिफेंस की निःशुल्क ट्रेनिंग दे चुकी है। उन्होंने ओमकारेश्वर से सायकल से नर्मदा परिक्रमा शुरू की थी। इस अवसर पर युवा मनीष परदेशी , सुंदरम अग्रवाल, देवा रूसिया सहित अन्य युवाओं ने स्वागत किया। मंगलवार सुबह माँ नर्मदा का पूजन कर आगे की यात्रा के लिए रवाना होंगी। ओंकारेश्वर में उनकी इस नर्मदा परिक्रमा यात्रा का समापन होगा।

40 डिग्री सेल्सियस के ईर्द गिर्द दर्ज हुआ नर्मदापुरम का तापमान

गर्मी में कंठ की प्यास बुझाने की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

पिछले दो दिनों से नर्मदांचल में सूर्यदेव की लुकाछिपी से मौसम का मिजाज बदला जिससे नागरिकों को उमस गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम परिवर्तन होने से लोगों की सेहत पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है। विदित हो कि आसमान में बादल छाने और राजस्थान की ओर से चल रही गर्म हवाओं के चलते नर्मदांचल का तापमान भी परवान चढ़ रहा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक पवन परिहार ने बताया कि सोमवार को नर्मदापुरम का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.4 डिसे दर्ज किया गया है। नर्मदापुरम जिले में इन दिनों गर्मी तेज बढ़ रही है साथ ही इन गर्मी के दिनों में पानी की कमी हो जाती है और पानी की जरूरत भी बढ़ जाती इस सबको देखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी नर्मदापुरम एस एस रावत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता के लिए निर्देश जारी किए गए उनके द्वारा बताया गया कि ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ हो गयी है। ग्रीष्म ऋतु में आमजनो को पेयजल एवं निस्तार हेतु पेयजल की आवश्यकता अन्य महिनों की अपेक्षा अधिक होती है, ऐसी स्थिति में ग्रामवासियों के पेयजल / निस्तार हेतु पानी की पूर्ति हेतु ग्रामों में संचालित नल-जल योजनाऐं, हेण्डपंप एवं कुएँ इत्यादि सुचारू एवं नियमित रूप से पेयजल हेतु उपलब्ध रहें एवं किसी भी स्थिती में पानी की अनुपलब्धता के कारण आमजनों को असुविधा नहीं हो पाये, यह सुनिश्चित किया जाये।

पशुओं के लिए पोखर की सुविधा हो

इसी प्रकार मवेशी एवं पक्षियों के लिये गांव के ऐसे स्थान जहां पशुओं एवं पक्षियों का आवागमन प्रायः अधिक संख्या में होता हैं वहां पर पानी की होदियां/ पौखर या अन्य स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधन अनुसार पेयजल हेतु व्यवस्था की जाये। पक्षियों हेतु पेड़ो पर मिट्टी के पात्र लगाकर पानी की व्यवस्था की जा सकती है एवं इस हेतु ग्रामीणों खासकर बच्चों को भी प्रेरित किया जा सकता है।

नागरिकों का कहना है कि तापमान बढ़ने के साथ साथ नगर पालिका परिषद द्वारा प्रतिवर्ष सार्वजनिक स्थानों पर ठंडे पेयजल की प्याऊ उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन अप्रेल माह बीत जाने के बावजूद भी राहगीरों एवं रेल्वे स्टेशन व बस स्टेंड पर आने जाने वाले यात्रियों के लिए अभी तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। जबकि मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में नर्मदापुरम का तापमान 41 डिसे से अधिक होने का अनुमान है।

नाइट क्रिकेट स्पर्धा सेमी फाइनल मुकाबला कल

फ्रेंड्स क्लब की प्रतियोगिता जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

शहर के बाबई रोड स्थित नर्मदावैली स्कूल के पास खेल मैदान पर फ्रेंड्स क्लब द्वारा नाइट क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन समिति के विवेक भदौरिया ने बताया कि सोमवार को दो क्वार्टन फाइनल मैच खेले जा रहे हैं। जिसमें पहला मैच नर्मदा क्लब वर्सेज लकी इलेवन होगा। दूसरा मैच कनिष्क इलेवन वर्सेज स्वच्छ भारत के बीच खेला जा रहा है। इन मैचों में जीतने वाली टीमें एक मई को सेमी फाइनल मुकाबले के लिए आमने सामने होंगी।

मीडियाकर्मियों के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना स्थल पर मीडिया कर्मियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। आयोग के निर्देश अनुसार मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान मोबाइल ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। मीडियाकर्मी केवल मतगणना स्थल पर बने मीडिया सेंटर तक एक मोबाइल, कैमरा, लैपटॉप, ट्रायपॉड ले जा सकेंगे। मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान मीडिया के लिए चिन्हित स्थान तक अल्प अवधि के लिए मीडिया कर्मियों को वीडियो कैमरा एवं स्टील कैमरा ले जाने की अनुमति होगी। मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान व्यक्तिगत सीयू/वीवीपैट या मतपत्र पर दर्ज किए गए मतदान की तस्वीर खींचना प्रतिबंधित है। मीडियाकर्मी सीमित संख्या के बैच में स्कॉट ऑफिसर्स के साथ ही मतगणना कक्ष का भ्रमण करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पासधारी मीडिया कर्मियों को ही मतगणना स्थल/मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी।

REQUIRED TEACHERS
PGT - Physics, Account, English, Economics
T.GT - Sanskrit, Hindi
P.R.T. - Hindi, SSt, English, and Computer Opp.
Qualification. - Bed and P.G with main subject minimum three years experience is cumpulsary.
Contact No :- 9827541849, 8989224797
Submit Resume Up To 5th May 2024
C.P.S. Babai Road Shrirampuram Narmadapuram

खबर संक्षेप

बे मौसम फिर हुई बारिश आसमान में छाए बादल

सारनी। सोमवार को एक बार फिर दोपहर के बाद आसमान में काले बादल छा गए और रुक-रुक कर बारिश होते रहे रुक-रुक कर बारिश होने की वजह से उमस से शहरी ग्रामीण क्षेत्र के लोग खसे परेशान रहे मौसम विभाग की माने तो आने वाले 5 मई तक मौसम में बदलाव होने की संभावना व्यक्ति की जा रही है मौसम विभाग का कहना है कि 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के साथ ओलावृष्टि सहित बारिश की संभावना नर्मदापुरम, बैतूल सहित दूसरे जिलों में बनते दिखाई दे रही है बे मौसम बारिश की वजह से वैवाहिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों में खासी परेशानी का सामना लोगों को करना पड़ रहा है।

कुमुद शर्मा पंच तत्व में विलीन



बैतूल। स्वर्गीय राम बहादुर शर्मा की पत्नी एवं प्रमोद शर्मा, विनोद शर्मा एवं सुबोध शर्मा की मां तथा शासकीय जेएच महाविद्यालय की सेवानिवृत प्रोफेसर ज्योति शर्मा, रत्न प्रभा शर्मा इंदौर एवं शासकीय हाईस्कूल हमलापुर की प्राचार्य निशी शर्मा की सास कुमुद शर्मा (88 वर्ष) का सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थी। शिक्षा विभाग में पदस्थ जिला योजना अधिकारी सुबोध शर्मा के कालापाठा स्थित निवास से अंतिम यात्रा शाम चार बजे कोठी बाजार मोक्षधाम के लिए निकाली गई। चिता को मुखाग्नि बड़े पुत्र प्रमोद शर्मा ने दी। उनके अंतिम संस्कार में सांसद दुर्गादास उईके के अलावा शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, व्यापारीगण, पत्रकारगण, वकील सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

यूपीएससी-2025 की परीक्षा का कैलेंडर जारी

सीहोर । यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) ने 2025 में होने वाली भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के जरिए यूपीएससी ने सीएसई, एनडीए, सीडीएस, आईएफएस और आईईएस, जियो साइंटिस्ट और अन्य दूसरी परीक्षाओं की तारीखों के साथ रजिस्ट्रेशन डेट्स की भी घोषणा कर दी है।

जिले में 20 मार्च से 231 उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं की खरीदी शुरू की गई है

समर्थन मूल्य पर 4 लाख 54 हजार टन व मंडी में नीलामी में 4 लाख टन गेहूं खरीदा

इस बार 88 हजार किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया था इसमें से 55 हजार 845 किसानों ने गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य के खरीदी केंद्रों और कृषि उपज मंडी में जारी है। लेकिन इस बार कृषि उपज मंडी में भाव अच्छा मिलने के कारण समर्थन मूल्य की खरीदी से मंडी की खरीदी ज्यादा नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार जिले में 20 मार्च से 231 उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं की खरीदी लगातार जारी है। यहां 4 लाख 54 हजार टन गेहूं की खरीदी हुई है। सीहोर व आष्टा कृषि उपज मंडी में 4 लाख 62 हजार टन गेहूं खरीदा जा चुका है। जहां उपार्जन केन्द्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है तो वहीं मंडियों में अब भी 10 हजार क्विंटल से अधिक आवक हो रही है। इसका प्रमुख कारण यह है कि समर्थन केन्द्र से मंडी में गेहूं के भाव अधिक हैं तो भुगतान भी नकद हो रहा है। जबकि उपार्जन केन्द्रों पर भुगतान लेटलतिफ होने के साथ ही ऋण वसूली भी जमकर की जा रही है। जिले की 14 कृषि उपज मंडी व उपमंडी में गेहूं बंपर आवक रही साथ ही भाव भी किसानों के मुफीद रहे। इस बार 88 हजार किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया था इसमें से 55 हजार 845 किसानों ने गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचा है खरीदी लगातार जारी है लेकिन उपार्जन केन्द्रों पर अब सन्नाटा नजर आने लगा है।

लक्ष्य से पिछड़ा उपार्जन

इस बार समर्थन मूल्य पर खरीदी का लक्ष्य सात लाख टन का रखा गया था जिसमें से अभी तक जिले के उपार्जन केन्द्रों पर 4 लाख 54 हजार टन गेहूं करीब 56 हजार किसानों से खरीदा गया। केन्द्रों पर 56 हजार किसानों से खरीदा गया 4 लाख 54 हजार टन गेहूं का 1089 करोड रुपए का भुगतान उनके खातों में होना था लेकिन अभी तक 752 करोड रुपए का भुगतान हुआ है जबकि 337 करोड रुपए का भुगतान अब भी बकाया है किसानों का समय पर ईपीओ नहीं बनने से भुगतान अटक रहा है। सहायक आपूर्ति अधिकारी सीहोर आकाश चंदेल ने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने वाले 70 फीसी किसानों का भुगतान किया जा चुका है।

जनपद सदस्य ने मजदूर बनकर दूर की क्षेत्र की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आठनेर क्षेत्र के जनपद सदस्य दीपक चौरे ने अपने जनपद क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका को और भी मजबूत किया। उन्होंने ग्राम पंचायत में हुए नल की रिपेयरिंग के लिए स्वयं ही वेल्डिंग कार्य किया। इसके अलावा, उन्होंने गृह पंचायत के ग्राम एनखेड़ा में एक हैंडपंप की केसिंग के टूटने की समस्या को तुरंत हल किया।

श्री चौरे ने बताया कि उन्हें ग्रामीणों द्वारा सूचित किया गया था और उन्होंने तत्काल वेल्डिंग मशीन ले जाकर समस्या का समाधान किया। इस कार्य से ग्राम वासियों को पानी की समस्या से राहत मिली और उन्हें अपने निकट नेता के समर्थन का आभास हुआ। ग्रामीणों का कहना है दीपक चौरे नेतृत्व और समाजसेवा में योगदान का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह सच में एक नए और उत्कृष्ट कदम है जो श्री दीपक चौरे जी ने उठाया है। उनकी इस पहल से स्पष्ट होता है कि वे नेतृत्व के नाम पर ही नहीं, बल्कि सच्ची सेवा के नाम पर भी काम करने को तैयार हैं। इससे उन्होंने साबित किया है कि वे जनता के साथ हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए कठिनाइयों का सामना करने को भी तैयार हैं। ऐसे नेता की उपस्थिति में समाज में आत्मविश्वास और भरोसा बढ़ता है। राजनीतिक क्षेत्र में अगर जन प्रतिनिधियों की बात की जाए तो अक्सर देखा जाता है कि नेता चुनाव के पहले जनता के चरणों में दिखते हैं, और उनकी समस्याओं को लेकर बात करते हैं, लेकिन यह पहली बार देखा गया कि आठनेर के एक जनपद सदस्य ने स्वयं वेल्डिंग करके क्षेत्रीय जनता की समस्या को मजदूर बनकर दूर किया और पूरे जिले के जनप्रतिनिधियों को नैतिकता का पाठ पढ़ाया। जनता के प्रति नेताओं को ऐसी ही कार्य प्रणाली रखनी चाहिए।

पुलिस मामले की जांच में जुटी

बारात में आई लड़की से छेड़खानी विवाद में चले चाकू, पत्थर, डंडे, 9 बाराती घायल

बैतूल। मामला बैतूल गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम किलाखंडारा का है जहां गांव में विवाह समारोह में प्रभात पट्टन से आई बारात मे आई किसी लडक़ी को ग्राम में किसी के द्वारा छेडख़ानी किए जाने पर विवाद हुआ और विवाद मारपीट में तब्दील हो गया विवाद इतना बढ़ गया कि किलाखंडारा के अज्ञात युवकों ने बारात में आए युवकों के साथ जमकर मारपीट की प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाद लगभग 10:00 बजे प्रारंभ हुआ और सुबह &:00 बजे तक चलता रहा जिसमें 9 युवकों को गंभीर चोटें आई है इसके बाद उन्होंने जिला चिकित्सालय लाया गया और सभी का उपचार कराया गया घटना की जानकारी मिलते ही गंज थाना पुलिस ग्राम में पहुंची पुलिस पहुंचने के बाद सभी वहां से भाग खड़े हुए पुलिस ने काफी समय उन लोगों को खोज परंतु कोई नहीं मिला पुलिस लगभग 1 घंटे रुक कर वापस आई पुलिस के जाने के बाद पुनः विवाद हुआ और जमकर मारपीट हुई मारपीट में घायल होने वाले युवक अविनाश पिता साहब राव सुरजे 18 हाथ में चोट,अमर पिता साहब राव सुरजे 18 हाथ में चोट,प्रमोद पिता परसराम नायक 2& हाथ में चोट ,दुर्गेश पिता रामराव कासदे सर में चोट दर्शन पिता विनोद बारस्कर सर पर चोट,धिरज पिता गोकुल सुरजा सर पर चोट,संजय पिता मारूति नागले 17 सर में चोट,पवन पिता परसराम राठोर 2& पैर में चोट सभी निवासी प्रभात पट्टन एवं गोलू पिता नाथू लाल 40 निवासी किलाखंडारा हाथ में चोट पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल कराकर मामला पंजीबद कर लिया।

पार्वती नदी में नहाने के दौरान युवक डूबा एसडीआरएफ की टीम खोजती रही

आष्टा। रविवार को दोपहर में एक युवक ने नहाने के लिए पार्वती नदी में छलांग लगा दी देखते ही देखते युवक नदी में जाते ही डूब गया। जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शाम तक सर्चिंग करती रही है। जानकारी अनुसार युवक नदी के इस किनारे से उस किनारे जाने का कर रहा था प्रयास इस दौरान नदी के बीच में पहुंचते ही डूब गया। वहीं युवक आष्टा के दिपलाखेड़ी गांव का निवासी बताया जा रहा है। आपको बता दें की दोनों थाने की पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। पहले तो नगरपालिका की बोट से स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे युवक की तलाश की गई। इसके बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन ने एसडीआरएफ को सूचना दी। इस दौरान नदी में डूबे युवक के पुत्र अभिनंदन पारदी ने बताया है कि मेरे पिताजी मेरे साथ आए थे।

रैली निकाल कर गीत के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

एक दुनी दो, दो दुनी चार, वोटर तुम बनो होशियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

7 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में शिक्षक और छात्र समूह मिलकर मतदान के लिए जागरूक कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी अक्षत जैन के मार्गदर्शन में स्वीप जिला यूथ आइकॉन अभिलाषा बाथरी द्वारा जिले में मतदान के महत्व को समझाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी के तहत एनएससीबी बालिका छात्रावास सदर की शिक्षका प्रीति फाटे और छात्राओं ने मतदान जागरूकता बढ़ाने के लिए एक नवाचार किया। इस गतिविधि के दौरान, छात्राओं ने इटारसी रोड सदर से विभिन्न नारे लगाकर रैली निकाली, जिसमें उन्होंने एक दुनी दो, दो दुनी चार, वोटर तुम बनो होशियार गीत गाकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया।

शिक्षक व विद्यार्थी मिलकर मतदान के लिए कर रहे प्रेरित

छात्राओं ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय,वे इस गीत के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करेंगे और मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेंगे। इसी क्रम में, विकासखंड घोड़ाडोंगरी माध्यमिक शाला के शिक्षक प्रघ्घुन सरसोदे ने गणित की ह्यायामिति आकृति के पोस्टर पर नारे लिखकर सकारात्मक पहल की। बीएलओ धनराज यादव ने भी अपने गांव में रैली का आयोजन किया, नारे लगाए गए और ग्रामीणों को मतदान की महत्वता के बारे में जागरूक किया गया। यूथ आइकॉन अभिलाषा बाथरी ने कहा मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है जो हमें लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों की ओर ले जाता है। हम सभी को अपने देश के भविष्य के निर्माण में भागीदार बनने का संदेश देना चाहिए। हम सभी मिलकर मतदान करें और अपने देश की ताक़त और लोकतंत्र को मजबूत करने में योगदान दें। यह हमारा नागरिक दायित्व है, और हमें इसे पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा यह एक बहुत ही उत्साहजनक और सकारात्मक पहल है। छात्राओं की इस गतिविधि से मतदान की जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस तरह के सामाजिक उत्सवों का बहुत महत्व है।

मालवीय हाउस शिवाय में चल रहे अखंड संकीर्तन इक्का में शामिल हुए पूर्व सांसद

बैतूल। श्रीश्री 108 अखंड नायक परमहंस श्री केशवानंद श्री धूनीवाले बड़े दादाजी महाराज एवं श्री हरिहरानंद छोटे दादाजी महाराज की असीम कृपा से भैंसदेही के मालवीय बंधु के निवास शिवाय में श्री दादाजी नाम अखंड संकीर्तन का भजन भजलो दादाजी का नाम भाजलो लो हरिहरजी का नाम की पावन जयघोष के साथ शनिवार को सुबह 12 बजे से शुरू हो गया। इस धार्मिक आयोजन में बैतूल-हरदा सांसद दुर्गादास उईके 8 बजे शिवाय निवास पहुंचकर धने वाले दादाजी की मूर्ति के समक्ष पूजा-अर्चना की ओर दादाजी की प्रसादी ग्रहण किया। सांसद के साथ भाजपा नेता प्रदीप किलेदार और भैंसदेही नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर भी मौजूद थे। मालवीय निवास के मुखिया राजेश मालवीय ने बताया कि दादाजी महाराज का आगमन 26 अप्रैल को शाम 5 बजे हमारे निवास शिवाय में हो चुका है। इसके बाद भजलो दादाजी का नाम भजलो हरिहरजी का नाम, का अखंड जाप 27 अप्रैल को सुबह 12 बजे से चल रहा है। आज दूसरे दिन 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। भैंसदेही के त्रिवेणी वार्ड मालवीय मोहल्ला के राजेश बृजेश और संदीप मालवीय ने समस्त श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि सभी धर्म प्रेमी भजलो दादाजी का नाम, भजलो हरिहरजी के नाम के अखंड जाप में शामिल हो और महाआरती में भी सम्मिलित होकर महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ जरूर अर्जित करें ।

जांच में जुटी पुलिस

बोलेरो ने स्कूटी को मारी टक्कर, स्कूटी चालक की मौत

बैतूल। घटना बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बडोरा के आठनेर रोड की है जहां देर रात शादी समारोह से वापस लौट रहे चिचोली निवासी जगदीश पिता सुंदरलाल आर्य कुछ सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी जिसके चलते स्कूटी चालक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई युवक को लहूलुहान हालत में एंबुलेंस की सहायता से बैतूल जिला चिकित्सालय लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया फिलहाल मृतक युवक का शव बैतूल जिला चिकित्सालय के मर्करी में रखा गया है सोमवार शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौप जाएगा फिलहाल जिला चिकित्सालय चौकी ने पूरे मामले पर मार्ग कम कर लिया है।

वेदिका राठौर ने 81 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण की 10वीं की परीक्षा

बैतूल। शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल पाढर की छात्रा कु. वेदिका राठौर ने हाई स्कूल परीक्षा 81 फीसदी अंको के साथ उत्तीर्ण कर शाला एवं परिवार का नाम रोशन किया है। वेदिका ने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की है। होनहार वेदिका ग्राम खारी में पदस्थ शिक्षक रामेश्वर राठौर की सुपुत्री है। उनकी इस उपलब्धि पर शाला परिवार, ईष्ट मित्रों, परिजनों, स्वजातीय बंधुओं ने बधाई दी है।

कु.फरहीन खान ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की परीक्षा

सदर मस्जिद कमेटी ने किया सम्मान, उज्ज्वल भविष्य के लिए बुजुर्गों ने दुआएं दी

बैतूल। नवीन विद्या मंदिर सदर की छात्रा कुमारी फरहीन खान ने कक्षा हाई स्कूल परीक्षा 90 फीसदी अंको के साथ उत्तीर्ण कर शाला एवं परिवार का नाम रोशन किया है। फरहीन ने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की है। होनहार छात्रा फरहीन सदर बैतूल निवासी सलीम खान की बेटी और इबरार कुरेशी की भांजी है। उनकी इस उपलब्धि पर सदर मस्जिद कमेटी ने बच्ची का सम्मान किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए बुजुर्गों ने दुआएं दी। इस अवसर पर अज़ीज़ खान, तौफीक खान, हाफिज नूर मोहम्मद, अब्दुल फहीम, असलम खान, बबन भाई, वसीम खान, अब्दुल कबीर, एमडी खान उपस्थित थे।

चिकित्सक अवार्ड 2024 से सम्मानित हुए फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. संदीप परिहार

बैतूल। चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए रविवार को आयोजित कार्यक्रम में बैतूल के फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर संदीप परिहार को चिकित्सक अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। चिकित्सक अवार्ड 2024 का आयोजन होटल रीगल ग्रैंड अवधपुरी भोपाल किया गया। जिसमें बैतुल जिले से यूनाईटेड हेल्थ वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. संदीप परिहार, जिन्होंने फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे है। समाजसेवी डॉ. संदीप परिहार के द्वारा कई निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है साथ ही सीपीआर ट्रेनिंग भी करवाई गई है, जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उनके द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, निशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर, छोटे विकलांग दिव्यांग बच्चों को निशुल्क फिजियोथेरेपी भी दी जाती है। उनके इन्हीं उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में इन्हें सम्मानित किया गया। जिले में यूनाईटेड हेल्थ वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया मे कार्य कर रहे आर्गेनाइजेशन के संभाग अध्यक्ष डॉ योगेश पवार ,जिला सचिव डॉ भरत यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ सुजाता सिंह , कैम्प प्रभारी डॉ भारती हजारे को भी भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

मतदान के लिए घर-घर डाले जा रहे हैं पीले चावल, मतदाता पर्ची वितरण प्रारंभ

266 वृद्ध व विकलांग मतदाताओं ने किया मताधिकार का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

बैतूल हरदा हरसूद लोकसभा क्षेत्र की मुलताई विधानसभा क्रमांक 129 मे आज 266 विकलांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध बुजुर्गों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मुलताई विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तृप्ति पटैरया के मार्गदर्शन में शासन के आदेश के अनुसार विकलांग एवं वृद्ध मतदाताओं के घर पहुंच कर मतदान करने हेतु 27 रूट पर 27 निर्वाचन टीम लगाई गई है, जिन्होंने सोमवार को कुल 277 विकलांग एवं वृद्ध मतदाताओं में से घर-घर पहुंचकर 266 मतदाताओं से अपने मत अधिकार का प्रयोग कराया बता दे की मुलताई विधानसभा में विकलांग एवं वृद्ध मतदाताओं की कुल संख्या 1734 है किंतु इसमें से 277 मतदाता ही ऐसे थे जिन्होंने 12 डी फॉर्म भरकर मतदान करने की स्वीकृति और सहमति व्यक्त की थी ।

एसडीएम तृप्ति पटैरया ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग की मंशा अनुसार लोकसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान हो और हर मतदाता अपने मत अधिकार का उपयोग कर सके इसके लिए 40% से अधिक विकलांग एवं 85% से अधिक वृद्धो के लिए घर पर ही मतदान की व्यवस्था की गई है जिसके तहत मंगलवार को 266 लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

क्षेत्र के कुल 277 मतदाताओं में से सात मतदाता अनुपस्थित पाए गए तीन मतदाताओं की मृत्यु हो गई है और एक मतदाता ने अपने मताधिकार का उपयोग करने से इनकार कर दिया है। जो सात मतदाता आज अनुपस्थित पाए गए हैं वह मतदाता एक मई को अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। मुलताई क्षेत्र में 277 मतदाताओं के लिए 27 रूट पर 27 निर्वाचन टीम बनाई गई है इसमें पीठासीन अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, वीडियोग्राफर सहित सुरक्षा कर्मी शामिल है जिन्होंने सभी मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर इस मतदान प्रक्रिया को पूर्ण कराया है।

लोकसभा चुनाव के लिए प्रारंभ हुआ मतदाता पर्ची का वितरण

7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मुलताई विधानसभा में मतदाता पर्ची का वितरण प्रारंभ हो गया है। चुनाव आयोग की मनसा अनुरूप सत प्रतिशत मतदान हो सके इस हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, कोटवार, बीएलओ एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा गांव-गांव घर-घर पहुंचकर समस्त मतदाताओं को मतदान पर्चियां उपलब्ध करने के साथ ही मतदान करने का संकल्प भी दिला रहे हैं। इस संबंध में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुलताई एसडीएम तृप्ति पटैरया ने बताया कि समस्त कर्मचारियों को मतदाता पर्ची वितरण करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया था। मतदाता पर्चियां के साथ ही पीले चावल का निमंत्रण भी कर्मचारियों द्वारा मतदाताओं को दिया जा रहा है।

पीड़ित दुकानदार ने एसडीओपी से न्याय की गुहार लगाई

दुकान बंद करने को लेकर चौकी प्रभारी ने की व्यापारियों से मारपीट

रात्रि के दौरान दुकानों को बंद कराने के लिए चौकी प्रभारी और व्यापारियों के बीच हुए विवाद का मामला एसडीओपी सोहागपुर के पास पहुंचा। व्यापारियों ने चौकी प्रभारी पर गुण्डागर्दी करने और व्यवसायियों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

महंगाई की मार झेल रही जनता परिवार के भरण पोषण के लिए जहां दिन रात एक करके बमुश्किल परिवार जनों का पेट भर रहा है । इस पापी पेट के लिए पुलिस प्रशासन की प्रताड़ना पुलिस को शर्मसार करती है तो वहीं इनके दोहरे चरित्र का भी खुलासा करती है । एक और दुकान चला रहे दुकान दार पर दुकान बंद करने को लेकर सेमरी हरचंद पुलिस की गुंडागर्दी सामने आई है तो वहीं इन वर्दी धारियों के आंख के सामने और नाक से अवैध धंधे फलफूल रहे हैं। मामला है सेमरी हरचंद पुलिस चौकी जहां शादी विवाह के सीजन में रात्रि करीब 10 बजकर 20 मिनट पर आइसक्रीम दुकान संचालक दुकान में थे उसी दौरान सेमरी चौकी प्रभारी आकाशदीप अपने दो साथियों के साथ दुकान पर पहुंचकर दुकान खुली होने पर दुकान संचालक दीपक राज को गाली गलौज देने लगते है जिसका दुकानदार द्वारा यह कहते हुए विरोध करने पर कि शाहब आप गाली क्यों दे रहे हों पर चौकी प्रभारी भड़क गए और उसकी कॉलर पकड़ कर घसीटते हुए थप्पड़ मुक्का मारकर हैंड्रेड डायल में बैठाने लगते है । तभी दुकानदार का भाई आता है और पुलिस वालो से गिड़गिड़ाने लगता है जिस पर चौकी प्रभारी द्वारा दीपकराज के छोटे भी अभद्र गली दी जाती है । उपरोक्त घटना बताते हुए दीपक राज ने बताया कि उक्त घटना रविवार रात की है । घटना की शिकायत उन्होंने व्यापारियों के साथ एसडीओपी संजू चौहान को ज्ञापन देकर की है ।

कार्रवाई नही हुई तो सभी व्यापारी प्रतिष्ठान बंद रखेंगे

एसडीओपी कार्यालय में ज्ञापन देने आये व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस सुरक्षा के लिए होती है गुंडागर्दी के लिए नहीं। उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। यादि कार्यवाही नही होती है तो सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद कर विरोध दर्ज करेंगे।

चौकी प्रभारी ने मारपीट की घटना से इंकार किया

घटना के संबंध में चौकी प्रभारी आकाशदीप ने बताया कि दुकानदार दीपक राज हर दिन 11-12 बजे तक दुकान संचालित करता है, पूर्व में भी समझाया गया था, रविवार के दिन भी उसे मौखिक समझाया गया था। मारपीट जैसी घटना नहीं हुई है।

आकाशदीप पर पहले भी लग चुके है प्रताड़ना के आरोप

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शोभापुर चौकी में इंचार्ज के दौरान आकाशदीप का विवाद किसी वाहन चालक से विवाद हुआ था तो वहीं अब इस मामले के पहले सेमरी हरचंद में किसान की ट्राली में अनाज को लेकर पैसे के लेनदेन का मामला सुर्खियों में था और अब नया आरोप आकाशदीप के लिए नई मुश्किलें खड़ी कर रही है।

घटना में यदि सत्यता हुई तो कार्रवाई होगी

एसडीओपी संजू चौहान ने बताया कि सेमरी के व्यापारियों द्वारा ज्ञापन दिया गया है जिसमे व्यापारी के साथ मारपीट का उल्लेख है, उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है यदि घटना में सत्यता होगी तो फिर कार्यवाही की जाएगी ।

नर्मदा प्रदक्षिणा पर निकली सोहागपुर की बेटी शारदा ने कहा...

युवाओं को धार्मिक स्थलों से जुड़ाव रखना चाहिए, ताकि कुसंगति से दूर हों: ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

मध्य प्रदेश की जीवन रेखा मां नर्मदा की प्रदक्षिणा प्रायः एक उम्र में श्रद्धालु करते हैं लेकिन सोहागपुर की बेटी वर्तमान निवासी ओंकारेश्वर का मानना है कि यदि युवा अवस्था में लोग तीर्थ और धार्मिक स्थलों से जुड़ेंगे तो कुसंगति और कुसंगियों के कुचक्र से बचेंगे। 62 दिन पहले ओंकारेश्वर से निकली अपराजिता संगठन की सदस्य साइकिल से मां नर्मदा की प्रदक्षिणा करते हुए बीती रात संतोष सराठे के निवास पर रात्रि विश्राम करने के बाद सुबह रघुवंशी पुरा की माताओं बहनों की उपस्थिति में श्री राम चौक पहुंची जहां पर बावड़ी वाले मंदिर के सामने उनका शहर के समाजसेवियों और माताओं बहनों ने पुष्प पहनाकर स्वागत किया।

वह सड़क मार्ग से गुजर रहीं थीं तो लोग उनके रास्ते पर पुष्प बिछा कर उनका आत्मीय स्वागत कर रहे थे। शारदा ठाकुर एक बॉक्सर है और वह धर्म के प्रति बेटियों को जागरूक करती हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने 50 से अधिक बेटियों को लव जिहाद से चंगुल से छुड़ाने में मदद की है और वह बेटियों को आत्म निर्भर बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहती हैं। कुमारी शारदा ठाकुर आदिवासी परिवार की शिक्षित बेटी हैं और वह वीर रस की कविताएं भी लिखती है। उन्होंने अपनी कविता का एक अंश सुनाते हुए कहा कि कोई अब्दुल घूम रहा है अतुल के भेष में जाने कितने विषधर मिल जायेंगे भारत के परिवेश में, भाई चारे को आग लगा धारा के विपरीत बहती हूं, आंखो में पट्टी नही हैं बांधी सच को सच को कहती हूं।

रामनवमी पर आने का वायदा कर हुई रवाना

श्री राम चौक के बाद हनुमान नाके पर स्वागत के बाद जब सेमरी के लिए रवाना हुई तो उन्होंने सोहागपुर वासियों से वायदा किया कि वह अगली रामनवमी पर सोहागपुर आयेंगी और बेटियों को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाएंगी।

इन्होंने किया स्वागत

संतोष सराठे के पारिवारिक सदस्य, रघुवंशी पुरा की माताएं, बहने, लता यशवंत पटेल, संजय खंडेलवाल, कृष्णा पालीवाल, अनिल गैयरैय्या, बेबू छाबड़िया, चैन सिंह, ज्ञानी सुरजीत सिंह, शरद चौरसिया, कल्लू रघुवंशी, लाल जी राम सराठे, प्रद्युमन नागवंशी, विष्णु नाथ, कार्तिक नाथ, चिंटू , नीलेश, मानसी, प्रियंका सराठे और शबीर खान, संदीप चतुर्वेदी ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।

साइकिल से नर्मदा परिक्रमा कर रही शारदा ठाकुर सेमरीहरचंद पहुंची, समाज सेवियों ने किया स्वागत

4000 में से 3000 किमी की परिक्रमा कर चुकी है ओंकारेश्वर में यात्रा का होगा विश्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरीहरचंद

देश की बेटियों को लव जिहाद से बचाने एवं आत्मरक्षा के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से नर्मदा परिक्रमा की यात्रा पर निकली शारदा ठाकुर का आज नगर में आगमन हुआ जहां नगर के समाजसेवियों द्वारा शारदा ठाकुर का पुष्पगुच्छ एवं शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। नर्मदा परिक्रमा पर निकली शारदा ठाकुर ने बताया कि वे मूलत सोहागपुर निवासी लखन लाल ठाकुर की बेटी हैं वर्तमान निवास ओंकारेश्वर है मां नर्मदा की परिक्रमा करने का उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि मां नर्मदा हमारे प्रदेश की जीवनदायनी है इनके निर्मल जल से लाखों करोड़ों हेक्टर कृषि भूमि सिंचित होती है और हमारा प्रदेश फसल उत्पादन में प्रतिदिन नए आयाम स्थापित कर रहा है देश-विदेश में मां नर्मदा की ख्याति विशेषता फैली हुई है प्रत्येक युवा को अपनी युवावस्था में कम से कम एक बार नर्मदा परिक्रमा जरूर करनी चाहिए क्योंकि मां नर्मदा की परिक्रमा से हमें अपने जीवन में बहुत सीखने को मिलता है।

वहीं स्थानीय पीपल चौक पर स्वागत के पश्चात आरएसएस के सोहागपुर खंड संघचालक संदीप माहेश्वरी के आग्रह पर उनके प्रतिष्ठान राधिका गारमेंट्स पर साइकिल से नर्मदा परिक्रमा कर रही शारदा ठाकुर ने अल्प समय के लिए विश्राम किया जहां उन्होंने जलपान ग्रहण किया एवं मां नर्मदा की परिक्रमा के रोचक संस्मरण सुनाए तथा बेटियों को लव जिहाद से बचने के लिए एक वीर रस की कविता भी सुनाई जिससे सभी स्वागतकर्ताओं में उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर संदीप महेश्वरी, देवेश शर्मा,घनश्याम गोस्वामी, नितिन प्रजापति, शैलेंद्र तिवारी, दीपक कोरी, शिवम राजपूत यश सोनी सतपाल राजपूत निहाल पांडे शिवनारायण पटेल अस्सू मीना कुलदीप पटेल एवं मां शांकरी गौ सेवा समिति के सदस्य मौजूद थे।

खास बातें

- लगभग 28 वर्षीय शारदा ठाकुर मिक्स मार्शल आर्ट में प्रशिक्षित हैं एवं उन्हें ब्लैक बेल्ट मिला हुआ है।
- मिक्स मार्शल आर्ट की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है।
- वीर रस की ओजस्वी कवि हैं दो बार दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल पर लव जिहाद के खिलाफ एवं बेटियों को जागरूक करने के लिए कविता पाठ भी किया है।
- राष्ट्रीय सेविका संघ में प्रथम वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।
- बेटियों को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण भी निशुल्क प्रदान करती हैं।

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के कई केंद्रों पर लगा ताला, सरकार ने किया संशोधन आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा रही है। इस बार एफसीआई के द्वारा काफी शक्ति बढ़ती जा रही है जिसके कारण किसान अपना अनाज खरीदी केंद्र से उठाकर मंडी की तरफ ले जा रहे हैं। फिर से लेकर प्रबंधक एवं प्रशासनिक अधिकारी काफी परेशान हो रहे हैं। एफसीआई के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी तरह की मिट्टी कचरा युक्त गेहूं नहीं खरीदा जावेगा बल्कि मशीन से साफ किया ही गेहूं लिया जाएगा। ऐसी स्थिति में कृषक सेवा सहकारी समिति तरुण कला पर किसानों के द्वारा गेहूं ले जाया जा रहा है लेकिन प्रबंधक एवं सरवर के द्वारा वापस किया जा रहा है क्योंकि सरकार के नियम अनुसार गेहूं ना होने पर खरीदी नहीं की जा रही है ऐसी स्थिति में एक खरीदी केंद्र पर ताला ही लग गया। किसान सीधे मंडी के और अपना अनाज ले जा रहे हैं इस बात को ध्यान में रखते हुए सरकार के द्वारा किसानों की परेशानियों को देखते हुए सरकार ने संशोधन आदेश जारी किए हैं कि 50 प्रतिशत चमक विभिन्न गेहूं की खरीदी की जाए और 6 प्रतिशत क्षतिग्रस्त गेहूं को भी खरीदा जाए इसमें कीमत गेहूं की यथावत रहेगी किसी प्रकार से कीमत में बदलाव नहीं किया जावेगा। प्रबंधक का कहना हो सकता है स्वादिष्ट बाद अब किस पुणे समर्थन मूल्य का रुख करें समर्थन मूल्य पर उपज खरीदने के लिए मापदंड जारी किए गए हैं प्रशासक आरके मेहरा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया की मापदंड जो जारी किए गए हैं जिसमें विजातीय तत्व 075 प्रतिशत अन्य खाद्यान्न में 2.02 क्षतिग्रस्त दाने 2. 02 अति क्षतिग्रस्त 4.02 डीई हुए दाने 6.4 प्रतिशत नमी 12.4 प्रतिशत के मापदंड तय किए गए हैं इसमें अधिक उपज खराब होने की स्थिति में गेहूं नहीं खरीदा जावेगा पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में कटाई के समय बारिश हुई थी जैसे गेहूं के चमक ठीक ही पड़ गई है इसमें किसान गेहूं नहीं भेज पा रहे थे लेकिन अब चमक विभिन्न गेहूं का प्रतिशत बढ़ाने के असर दिखाई दे रहे हैं किसान अपनी उपज बैंच सकेंगे। अधिकारी के मुताबिक समर्थन मूल्य में गेहूं की बहुत कम खरीदी हुई है 14 केदो पर बहुत ही काम खरीदी गेहूं जहां जी खरीदी केंद्र पर एक दिन में 5000 क्विंटल गेहूं खरीदा जाता था वहां पर अभी तक कुल 5000 क्विंटल ही खरीदा गया है। ऐसे सभी केदो पर स्थित खतरनाक बनी हुई है खरीदी केदो पर सन्नाटा पसरा हुआ एक का दुख का किसान ही अपना अनाज लेकर पहुंच रहे खरीदी की यही रफ्तार रही तो समर्थन मूल्य में गरीब खरीदी का टारगेट जो मिला है वह पूरा नहीं हो पाएगा। 7 मई तक खरीदी की अंतिम तिथि अभी फिलहाल में तय की गई है लेकिन ऐसी स्थिति को देखते हुए लगता है कि किसी बधाई भी जा सकती है बढ़ाने की संभावना जताई जा रही है क्योंकि अभी तक बहुत ही काम किसान अपनी ऊपर बैंच पाए हैं।

बेटियों के सशक्तिकरण का साइकिल यात्रा से संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

जूडो एवं सेल्फ डिफेन्स मे गोल्ड मेडलिस्ट कुमारी शारदा ठाकुर दीदी महिलाओ को सेल्फ डिफेंस प्रेरणा देने एवं जागरूक करने के लिए ओमकारेश्वर से साइकिल से नर्मदा परिक्रमा यात्रा 203 दिन में 3000 किमी की यात्रा तय कर सोमवार को माखन नगर गायत्री मन्दिर पहुंची। पदयात्रा दीदी शारदा ठाकुर का लायंस क्लब एवं गायत्री परिवार के सदस्यों ने स्वागत पुष्प माल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। एवं नर्मदा परिक्रमा यात्रियों को भोजन प्रसादी कराकर यात्रा को आगे की ओर प्रस्थान कराया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के अध्यक्ष महेश खंडेलवाल, लायंस क्लब अध्यक्ष लायन राजेंद्र सिंह राजपूत, लायन सुरेश अग्रवाल, लायन देवी सिंह राजपूत, लायन आनंद सिंह राठौड़ एवं अन्य साथियों ने सेवाएं प्रदान की।

दो दिवसीय परशुराम जयंती समारोह का आयोजन 10 मई से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

आगामी 11 मई को भगवान विष्णु के अवतार विप्र समाज के आराध्य प्रभु परशुराम जी का प्राकट्योत्सव विशाल शोभायात्रा के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। इस आयोजन को लेकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में युवा घर-घर सामाजिक बंधुओं को जयंती समारोह के कार्ड वितरण कर रहे हैं। इसी के अंतर्गत गांधीनगर में आमंत्रण पाती वितरण का कार्य किया गया। परशुराम सेना के जिला जिला उपाध्यक्ष पं. शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष पंडित जितेंद्र ओझा के मार्गदर्शन में 11 मई को शहर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के एक दिन पूर्व 10 मई को विप्र समाज के युवाओं द्वारा जनजागरण हेतु वाहन रैली निकाली जाएगी। पंडित अभिषेक तिवारी के नेतृत्व इस आयोजन हेतु रविवार को वार्ड में युवा साथियों के साथ ब्राह्मण समाज के स्वजातीय बंधुओं को आमंत्रण पाती वितरण का कार्य किया गया। इस अवसर पर अभिषेक तिवारी, अक्षय तिवारी, शैलेन्द्र दुबे, संदीप तिवारी, पंकज दीवान, राहुल दुबे, ऋषि परसाई, सौम्य दुबे, अनिरुद्ध दुबे, नमन पांडे, ऋतुराज पाराशर, अनुज दुबे, अंश तिवारी एवं समाज के युवा साथी उपस्थित रहे।

फाइनल में रेलवे भोपाल ने सीहोर पीपीसीए अकादमी को एक विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर खेली गई अंडर-16 सीहोर विधायक क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल में रेलवे भोपाल की टीम ने सीहोर पीपीसीए को एक विकेट से हराया। मैच का फैसला अंतिम ओवर में हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद समाजसेवी अखिलेश राय ने विजेता टीम सहित अन्य खिलाडिय़ों को पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर पीपीसीए अकादमी के कोच चेतन मेवाड़ा, मोहनिश त्रिवेदी, सचिन वर्मा, अतुल त्रिवेदी को इस प्रतियोगिता की सफलता के लिए श्री राय ने बधाई दी।

शनिवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए की टीम ने निर्धारित 40 ओवर में दस विकेट के नुकसान पर 196 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया था। इसमें नवनीत सोनी ने पारी को संभालते हुए 70 गेंद पर 49 रन, युरेश भारती ने 40 गेंद पर 33 रन, अंश गावा ने 18 रन, राजा-अराव मसीह ने 11-11 रन की पारी खेली। इधर रेलवे की ओर से जसमीत ने आठ ओवर में 32 रन देकर चार विकेट, चिराग ने आठ ओवर में 35 रन देकर दो विकेट और अभिराज ने सात ओवर में 36 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। रनों का पीछा करने उतरी रेलवे टीम भोपाल यह रोमांचक मैच 39.3 ओवर में नौ विकेट खोकर एक विकेट से जीत लिया। इसमें अराव यादव ने 42 रन, पुष्प राजपूत 36 रन, दिव्यांश ने 30 रन और चिराग-विवेक ने 24-24 रन की पारी खेली। इसके अलावा पीपीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए विवेक प्रजापति लक्की ने सात ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट, निर्भय प्रजापति ने सात ओवर में 42 रन देकर तीन विकेट, नैतिक जैन ने आठ ओवर में 32 रन देकर दो विकेट और नवनीत सोनी ने सात ओवर में 36 रन देकर एक विकेट हासिल किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि फाइनल मैच में मैन आफ द मैच का पुरस्कार रेलवे भोपाल के हरफनमौला खिलाड़ी चिराग को विस्फोटक 24 रन की पारी और दो विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिया गया।

पैरालीगल वालेन्टियर्स का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

प्रधानी जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधीकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशानुसार पैरालीगल वालेन्टियर्स के जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एमके वर्मा सीहोर एवं जिला मुख्यालय सीहोर एवं तहसील मुख्यालय आष्टा, भेरूंदा, बुदनी एवं इछावर के समस्त पैरालीगल वालेन्टियर्स उपस्थित हुए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में एमके वर्मा द्वारा पैरालीगल वालेन्टियर्स से कहा गया कि वह हमेशा विधिक सेवा को जरूरतमंद तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य के साथ सक्रिय कार्य करें। उनके द्वारा नेशनल लोक अदालत, मीडिएशन, घरेलू हिंसा, भरण-पोषण, महिला एवं बच्चों संबंधी प्रावधान, श्रम सम्बन्धी प्रावधान, किशोर न्याय अधिनियम, नालसा एवं सालसा की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा प्रतिभागियों के प्रश्नों का जवाब दिया गया। साथ ही उनकी समस्याओं का यथोचित समाधान भी किया गया।

जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान जीशान खान द्वारा बताया गया कि पैरालीगल वालेन्टियर्स विधिक सेवा संस्था तथा आमजन के बीच एक सेतु के समान है जिनके माध्यम से विधिक सेवा योजनाओं तथा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाया जाता है। यह पैरालीगल वालेन्टियर्स एक महत्वपूर्ण कढ़ी है। जिनके बिना योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाना संभव नही है।

इस कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत तहसील स्तर से माननीय उच्चतम न्यायालय स्तर तक विधिक सेवा संस्थाओं की संरचना, नालसा पैरालीगल वालेन्टियर्स स्कीम, पैरालीगल वालेन्टियर्स के कर्तव्य एवं अन्य सम्बंधित प्रावधान, म.प्र. अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा पीड़ति प्रतिकर योजना, हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना, विधिक सहायता एवं सलाह योजना, लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई।

खबर संक्षेप

मतदान दलों का प्रशिक्षण आज से

हरदा। लोकसभा निर्वाचन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मतदान दलों में तैनात अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने बताया कि पूर्व में मतदान दलों के दो प्रशिक्षण सँपन्न हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि मतदान दलों को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा व शासकीय महाविद्यालय टिमरनी में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण हरदा व टिमरनी में 30 अप्रैल से 2 मई तक दो पालियों में संपन्न होगा। कलेक्टर ने बताया कि दोनों प्रशिक्षण स्थल पर प्रथम पाली में प्रातः 10 से 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक प्रशिक्षित किया जाएगा।

मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप आज

हरदा। लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार चलो अपने बूथ को जाने, अपने मत की ताकत पहचाने थीम पर 30 अप्रैल को 10 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान केन्द्र स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी रोहित सिसोनिया ने बताया कि इस विशेष कैंप के लिये हरदा एवं टिमरनी के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सीईओ सिसोनिया ने बताया कि विशेष कैंप के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाता सूची चस्पा की जाएगी। मतदाताओं को मतदाता सूची में उनके नाम एवं अन्य विवरण से अवगत कराया जायेगा। मतदाताओं को मतदान दिवस, मतदान का समय, मतदान का स्थान आदि के विवरण से अवगत कराया जाएगा तथा मतदान करने आमंत्रित किया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मतदान केन्द्र पर मूलभूत सुविधा जैसे शौचालय, पेयजल, साइनेज, वालंटियर्स, रैम्प, व्हीलचेयर, मतदाता सहायता केन्द्र, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

अज्ञात कारणों से लगी आग, 5 मकान खाक

हरदा। वनग्राम झापनादेह में सोमवार दोपहर 12 बजे के आसपास अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसके चलते गांव के पांच मकान जलकर पूरी तरह खाक हो गए। सिराली तहसीलदार वीरेंद्र ऊईक ने बताया कि सोमवार दोपहर को झापनादेह में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसके चलते सभी मकानों में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। सिराली नगर परिषद से मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया जा सका है। उन्होंने बताया कि फिलहाल पंचनामा तैयार कर नुकसानी का आकलन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि सभी पीड़ित परिवारों को शासन के नियमों के अनुसार आर्थिक मदद जल्द प्रदान की जाएगी।

युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

हरदा। गौर कॉलोनी में रहने वाले 45 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार सुबह करीब 7 बजे पत्नी अनिता अपनी ड्यूटी पर रन्हाई जाने के लिए तैयार हो रही थी। इस दौरान सौफे पर बैठकर टीवी देख रहा विनोद अचानक बेहोश होकर नीचे गिर गए। पत्नी ने आसपास के लोगों और रिश्तेदारों की मदद से पति को जिला अस्पताल लेकर आई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि गौर कॉलोनी में रहने वाली नर्स अनिता कोंगे और उसका पति विनोद पिता दिनकर कोंगे शादी के बाद से ही हरदा में रह रहे थे। दोनों की शादी को करीब 20 साल हो चुके थे, लेकिन कोई संतान नहीं है। उधर मृतक मूल रूप से महाराष्ट्र के रावेर का रहने वाला है। जिसके परिजनों ने उनके हरदा पहुंचने के बाद ही पीएम कराने की बात कही है। फिलहाल शव को मॉर्चुरी में रखा गया है। जानकारी में सामने आया कि विनोद घर पर ही रहता था और अपनी पत्नी को ड्यूटी पर गांव लाने ले जाने का ही काम करता था। डॉक्टर्स के मुताबिक सम्भवता उसकी मौत साइलेंट अटैक से हुई है। पीएम रिपोर्ट से मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल पाएगा।

मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ पुलिस की मुहिम जारी

लालबाग पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को गांजे के साथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की आसामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसके तहत सोमवार को लालबाग थाना पुलिस ने एक आरोपी को बिरोदा बैरियर पर घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी से 1 किलो 315 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए चेकिंग पाइंट्स बनाए गए हैं। साथ ही एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार ने सभी थाना प्रभाररियों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्देश दिए हैं। इसके तहत सोमवार को थाना लालबाग पुलिस को अवैध मादक पदार्थ गांजा के एक तस्कर को पकड़ने में सफलता मिली। थाना लालबाग में पदस्थ उनि जयपाल राठौर को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बिरोदा बैरियर से होते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर आ रहा है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी लालबाग अमित जादौन द्वारा तत्काल एक्शन लेते हुए उनि जयपाल राठौर के नेतृत्व में प्रआर अजय वारूले, पवन, आरक्षक दीपांशु की टीम बनाई गई।

पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ लाने वाले की तस्दीक व दबिश के लिए बिरोदा बैरियर के पास घेराबंदी की गई। जहां पुलिस टीम द्वारा संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी योगेश पिता सुधाकर बड़गुजर 44 निवासी वकील चाल लालबाग की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गई। तलाशी लेते उसके पास 01 किलो 315 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला जिसे जब्त किया गया। आरोपी योगेश का कृत्य धारा 8.20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दंडनीय होने से आरोपी योगेश को मौके पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना लालबाग में अपराध धारा 8.20 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

साइकिल पर ले जा रहा था अवैध शराब, पुलिस ने पकड़ा

बुरहानपुर। आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेन्द्र पाटीदार ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब बनाने, उसकी तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके तहत शाहपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि करोली बैरियर के पीछे से सायकिल पर एक व्यक्ति हाथभट्टी कच्ची महुआ शराब लाने वाला है। मुखबिर की सूचना पर निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने टीम का गठन किया। टीम द्वारा करौली चेक पोस्ट पर दबिश दी गई। एक व्यक्ति सायकिल के पीछे कैरियर पर प्लास्टिक के केन टांगकर लाता दिखा। उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी चंद्रमणी पिता वसंता तायडे 28 साल निवासी ग्राम तारापाटी को पकड़ा गया। सायकिल पर बंधी प्लास्टिक की केनो में हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब 60 लीटर शराब जब्त की गई। शराब बनाने के संबंध में पूछताछ करने पर उसने अवैध शराब निर्माण स्थान बताया। वहां पहुंचकर पुलिस 300 लीटर महुआ लहान भी नष्ट किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34.2 आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी शाहपुर अखिलेश मिश्रा, उनि अजयसिंह चौहान, सउनि दिलीप सिंह, प्रआर रेवाराम पवार, प्रआर गणेश पाटील, महिला प्रआर शाह बाई का योगदान रहा।

कलेक्टर ने उपार्जन कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में गेहूं, चना व सरसों के उपार्जन की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में नागरिक आपूर्ति निगम, सहकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, वेयर हाउस कार्पोरेशन तथा कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि किसानों की फसल का उपार्जन कर उसका भुगतान समय पर किसानों के खाते में जमा कराया जाए।

उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश अनुसार केवल किसान ही अपनी फसल का उपार्जन कर सकें और उपार्जन की सुविधा का व्यापारी लाभ न उठा सकें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए वहां आने वाले किसानों के लिए शेड और पेयजल की बेहतर व्यवस्था रखी जाए।

राजनाथ सिंह आज पुनासा में जनसभा को संबोधित करेंगे

खंडवा। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मांधाता विधानसभा क्षेत्र के पुनासा में दोपहर 12 बजे मांगलिक भवन ग्राउंड पहुंचकर चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी के जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, लोकसभा संयोजक हरीश कोट वाले, प्रभारी कल्याण अग्रवाल, विधायक नारायण पटेल ने क्षेत्र की जनता एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं से राजनाथ सिंह की होने वाली सभा में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। राजनाथ सिंह पुनासा में चुनावी आमसभा को संबोधित करेंगे।

वर्ष भर किए गए कार्यों का पत्रक वितरण करेगी वेलफेयर सोसाइटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सर्वब्रह्मण समाज वेलफेयर सोसाइटी विप्र सम्पर्क अभियान के तहत संगठन के वर्ष भर किए गए कार्यों का पत्रक वितरण करेगी। जिसमें सचित्र कार्यो का उल्लेख होगा एवं पत्रक के मुख्य भाग मे भगवान परशुराम की आकर्षित फोटो होगी। संगठन के मीडिया प्रभारी गोपाल शुक्ला ने बताया कि रविवार को बड़े मंदिर में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी कि उपस्तिथि में भगवान परशुराम के चरणों में पत्रक रखकर सभी के विमोचन किया गया।

संगठन के अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने पत्रक के विषय मे बताया कि संगठन द्वारा किये गये कार्यों का सचित्र विवरण दिया गया है साथ ही संगठन के उद्देश्य और कार्यो से अवगत कराया गया। संगठन के कैलाश चतुर्वेदी, प्रवीण काशिव ने कहा कि समाज की एकता के लिए जो कार्य किये जा रहे है, उनमे तेजी लाना होगा। संगठन को पूर्ण पारदर्शिता रखते हुए विप्र समाज से

मिले सुझावो को भी अमल मे लाना होगा। जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी, हम स्वयं को समाज का नेततृत्व कर्ता समझने कि भूल ना करे। संगठन की सचिव प्रीति गुहा को भी संगठन के माध्यम से मजबूती प्रदान करने हेतु आयोजन करने पर जोर दिया गया। आयोजन मे विवेक बादर, सुभाष पस्टारिया, राजेश जोशी, नीलेश शुक्ला, उदय बेलापुरकर, पंकज शांडिल्य, पवन शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर चुनावी थीम पर हुआ नृत्य

विश्व नृत्य दिवस पर आयोजित हुई स्वीप गतिविधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या मित्तल की मौजूदगी में सोमवार सुबह से जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् बुरहानपुर द्वारा विश्व नृत्य दिवस के अवसर पर नृत्य महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कलाकारों ने नृत्य की प्रस्तुति दी।

वर्तमान में आचार संहिता प्रभावशील होने से लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप गतिविधियों के तहत जिला पुरातत्व पर्यटन व संस्कृति परिषद् बुरहानपुर के बैनर तले सुबह 7.30 बजे से विश्व नृत्य दिवस के अवसर पर चुनावी थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का

आयोजन नेहरू स्टेडियम बुरहानपुर पर हुआ।

इस दौरान कलेक्टर भव्या मित्तल ने सभी को नृत्य दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा 13 मई को बुरहानपुर जिले में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इस दिन को अवकाश का दिन न समझें, बल्कि सुबह 7 बजे से शुरू होने वाले मतदान में हिस्सा लें। लोकतंत्र को मजबूत करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ आईएएस सृष्टि देशमुख, एडीएम सीएल सिंगाड़े सहित सभी विभागों के अफसर, कर्मचारी आदि मौजूद थे।

जहरीला पदार्थ खाने से युवती की रास्ते में मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सोमवार सुबह खातेगांव तहसील मुख्यालय की रहने वाली एक युवती की जिला अस्पताल लाने के पहले मौत हो गई है। जिला अस्पताल में युवती के शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खातेगांव की चौहान कॉलोनी में रहने वाली आरती (24) साल एचडीएफसी बैंक में जॉब करती थी। रविवार रात करीब 12 बजे उसने अपने घर पर सल्फास का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसने अपने परिजनों को बताया जिसके बाद वे उसे तत्काल खातेगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां उसकी गम्भीर हालत को देखते हुए उसे हरदा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां पहुंचने के पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि मृतका ने अपने बाएं हाथ पर पेन से लिखा है कि यह कदम मैं अपनी मर्जी से उठा रही हूं। इसमें मेरे माता पिता की कोई गलती नहीं है। पुलिस ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच की जाएगी। प्रथमदृष्टया युवती ने जहरीली दवाई के सेवन से मौत होने की बात सामने आई है। वहीं भाई गजेंद्र साहू ने बताया कि वह दो भाई और तीन बहने हैं। जिसमें आरती तीसरे नम्बर की थी। बहन पहले रुपयों के लेनदेन से परेशान होने की बात बताई थी।

खंडवा के जवान धीरज ने किया सुसाइड

खंडवा। खंडवा के रहने वाले बीएसएफ जवान धीरज मालाकार ने इंदौर कैंप में सुसाइड कर लिया है। उन्होंने सिर पर सर्विस राइफल की नली रखी और ट्रिगर दबा दिया। घटना रविवार रात 8.30 बजे की है। सुसाइड के पीछे कर्ज की बात सामने आई है। जवान द्वारा शेयर मार्केट में निवेश करने की बात सामने आई है। 27 वर्षीय धीरज मालाकार खंडवा के गणेश तलाई स्थित मालीपुरा फेल का निवासी था। पिता

आत्माराम मालाकार का 4 साल पहले निधन हो चुका है। धीरज की मौत की खबर सुनते ही उसका भाई और परिवार वाले इंदौर पहुंचे। रेवजी रेंज स्थित बीएसएफ कैंप पहुंचे। बाणगंगा पुलिस ने परिवार वालों से भी पूछताछ की। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को बीएसएफ पदाधिकारियों को सौंपा। बीएसएफ पदाधिकारियों ने शव परिजन को सौंपकर सरकारी वाहन से खंडवा भेजा है।

पीले चावल व मतदाता पर्ची देकर कर रहे जागरुक

हरदा। आगामी 7 मई को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान संपन्न होगा। इससे पूर्व मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के मतदान के लिए बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर

जाकर पीले चावल देकर 7 मई को मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान करने के लिए समझाइश दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों हरदा एवं टिमरनी के सभी मतदान केन्द्रों के बीएलओ अपने मतदान केन्द्र के मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण भी घर-घर जाकर कर रहे हैं, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को परेशान न होना पड़े।

वृद्धजनों ने घर से ही किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

आगामी 7 मई को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने बताया कि आयोग द्वारा अतिवृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं व दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर से ही मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आयोग के निर्देश के पालन में हरदा जिले में सोमवार को मतदान दलों ने पूर्व से चिन्हित दिव्यांग व अतिवृद्ध मतदाताओं के घर जाकर उनसे मतदान कराया।

सूचना के अधिकार के आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित रखने वाले कर्मचारियों पर होगी सख्त कार्यवाही: जाकिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 की धारा-19(1) के तहत सोमवार को नगर निगम में 30 प्रथम अपीलो की सुनवाई कर उपायुक्त एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी जाकिर जाफरी ने निराकरण आदेश पारित किए। जाफरी ने आदेश पारित करते हुए कहा कि यदि संबंधित विभाग में आवेदक द्वारा चाही गई जानकारी उपलब्ध है, तो उसे निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराई जानी चाहिए। यदि जानकारी प्रदान नहीं गई है तो संबंधित सहायक लोक सूचना अधिकारी ऐसी सूचनाए और जानकारी अपीलार्थियों को निशुल्क उपलब्ध करावे। जिस अधिकारी-कर्मचारी ने जानकारी देने में अनावश्यक लापरवाही बढ़ती है उसकी जांच

कर जानकारी देने में व्यय हुई राशि दोषी अधिकारी-कर्मचारी से वसूल की जाए। यदि जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाती तो आवेदक से दस्तावेज शुल्क की राशि वसूल की जाती, किंतु लापरवाहीपूर्वक कार्य करने के कारण जो जानकारी निशुल्क प्रदाय की जा रही है उसका खामियाजा नगर निगम क्यों भुगते

प्रथम अपीलीय अधिकारी जाफरी ने कहा कि सूचना के अधिकार अधिनियम मे जानकारी और सूचनाओं को प्रदान करने की स्पष्ट समय सीमा है जिसका पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जानकारी देने का मकसद प्रशासन को जवाबदेय और पारदर्शी बनाना भी है। विपरीत परिस्थिति में यदि राज्य सूचना आयोग भोपाल में कोई आवेदक विवश होकर द्वितीय अपील प्रस्तुत करता है तो संबंधित उत्तरदायी अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

प्रथम अपीलीय प्रकोष्ठ के प्रभारी अनिल मालाकार ने बताया कि उपायुक्त जाफरी ने आज प्रथम अपीलों की सुनवाई करते हुए जनकार्य एवं उद्यान विभाग की 11,जलकार्य एवं सीवरेज विभाग की 5,राजस्व विभाग की 4, सामान्य प्रशासन विभाग स्थापना की 1,गरीबी उपशमन योजना विभाग की 4, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग की 2, भंडार शाखा की 1, सचिव कार्यालय की 2 सहित कुल 30 प्रकरणों में निराकरण आदेश पारित किए। प्रथम अपीलीय अधिकारी जाफरी ने प्रथम अपील की जाने निर्धारित समय सीमा बीत जाने के उपरांत भी अपीलो को स्वीकार कर उन पर निराकरण आदेश पारित किए हैं ।की सुनवाई के दौरान नगर निगम उपायुक्त सचिन सिटोले, लोक सूचना अधिकारी राकेश कुमार ललित ,कार्यपालन यंत्री एच .आर. पांडे, सहायक यंत्री वर्षा घिडोडे, संतोष पांडे, राजस्व अधिकारी अशोक तारे सहित समस्त सहायक लोक सूचना अधिकारीगण उपस्थित थे।

मतदान को करने के लिए दिलाई शपथ

घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए खण्डवा संसदीय क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान होगा। जबकि खण्डवा जिले के हरसूद विधानसभा क्षेत्र में आगामी 7 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में उत्कृष्ट विद्यालय खालवा में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशिष्ट शालाओं की प्रवेश परीक्षा देने आए विद्यार्थियों के पालकों को स्कूल प्राचार्य द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ दिलवाई गई। साथ ही विभिन्न ग्रामों से आए



पालकों से अपील की है कि वे अपने-अपने ग्राम स्तर पर मतदान दिवस पर अधिक से अधिक मतदान कराये।

इसके अलावा मतदाताओं को मतदान करने के लिए घर-घर जाकर भी सम्पर्क किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने मतदान केन्द्र क्रमांक 249 के वार्ड में जाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित किया। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर शोभाराम सोलंकी ने मतदान केन्द्र क्रमांक 115, 116, 117 एवं 118 के वार्डों में जाकर मतदाताओं को मतदान करने जागरूक किया।